>

Title: Need to start production of coal in Besur and Nanded units of Western Coal Fields Limited in Maharashtra.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : महोदय, महाराÂष्ट्र के चिमूर, जिला चन्द्रपुर में मूरपार कोयला खदान में इस वर्ष एक लाख मैंट्रिक टन कोयले के उत्पादन की संभावना है। इसी के पास बेसुर एवं नांदेड़ में वेस्टर्न कोल फील्ड्स ने दो कोयले की खदानें शुरू करने की योजना बनाई है। अगर यह दो खदानें भी उत्पादन शुरू कर दें तो इस क्षेत्र में कुल तीन लाख मैंट्रिक टन कोयले का उत्पादन होगा। मेरी सरकार से गुजारिश है कि कोयले के उत्पादन की मात्रा को ध्यान में रखते हुए चिमूर में एक थर्मल पॉवर स्टेशन स्थापित किया जाये। इस थर्मल पॉवर स्टेशन के जरिये एक हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा सकता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस कायले की ढुलाई के लिए उमरेड से मूरपार एवं मूरपार से चिमूर तथा वरोरा तक रेलवे द्वारा विशेÂष प्रबंध किये जायें। उसी प्रकार से मूरपार-उमरेड 33 किलोमीटर का पक्का रास्ता बनाने से ट्रक द्वारा कोयला ढुलाई आसान एवं सस्ती भी होगी। कोयला, विद्युत एवं रेल मंत्रालय आपस में तालमेल बैठाकर इस विÂाय पर गंभीरता से विचार करें जिससे इस क्षेत्र का चहूंमुखी विकास सुनिश्चित हो सके।